# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026


## शुभमन गिल से छीनी जा सकती है कप्तानी ? भारत-बांग्लादेश सीरीज से पहले टीम इंडिया मे बंड़ा बदलाव संभव।

Publisher

Published on 27 Jun 2025




# इंग्लैडं दौरे के बाद कप्तान पद पर हो सकता है बड़ा फैसला, बांग्लादेश के खिलाफ वनडे और T20 सीरीज मे नंए चेहरों को मिल सकती है जगह, सीनियर खिलाड़ियों को मिल सकती है आराम।

### टीम इंडिया मे फिर हो सकता है नेतृत्व परिवर्तन

**IND vs BANG ODI & T20 दौरा :** इंग्लैंड दौरे के बाद **भारतीय क्रिकेट टीम** में एक और बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगस्त में संभावित **बांग्लादेश दौरे** के लिए टीम इंडिया के **कप्तान** को बदला जा सकता है। **वनडे** और **T20 सीरीज** के लिए कुछ सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया जा सकता है और नए युवा खिलाड़ियों को मौका मिल सकता है।

### शुभमन गिल के नेतृत्व मे खेल रही टीम इंडिया

फिलहाल टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ **पांच टेस्ट मैचों** की सीरीज खेल रही है, जिसकी **कप्तानी शुभमन गिल** कर रहे हैं। यह सीरीज **4 अगस्त 2025** तक समाप्त हो जाएगी, जिसके बाद भारत का बांग्लादेश दौरा संभावित है। इस दौरे में **तीन वनडे** और **तीन T20 मैच** खेले जाने की संभावना है।

### बांग्लादेश दौरे को लेकर क्या है स्थिति ?

शुरुआत में बांग्लादेश दौरे को लेकर कुछ **राजनयिक दिक्कते** थीं और इसे रद्द किए जाने की चर्चा भी थी। लेकिन अब तक

**सरकार** की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, जिससे यह संकेत मिल रहा है कि यह दौरा तय है। इसके चलते चयनकर्ताओं के सामने **कप्तान पद** को लेकर अहम फैसला लेने की स्थिति बन सकती है।

### कौन बन सकता है नया कप्तान?

कयास लगाए जा रहे हैं कि युवा खिलाड़ियों को अनुभव देने के लिए किसी नए चेहरे को कप्तान बनाया जा सकता है। **बीसीसीआई** इसके जरिए बेंच स्ट्रेंथ को आजमाना चाहती है, खासकर **T20 वर्ल्ड कप 2026** की तैयारी को ध्यान में रखते हुए।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.